तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **ललित कुमार** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353330048220486	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10/04/26	अपीलार्थी ललित कुमार निवासी वार्ड नम्बर 1 जयपुर, राजस्थान द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 17.03.2026 संक्रामक रोग संस्थान एवं कमला नेहरू वक्ष चिकित्सालय, जोधपुर में एनजीओ के माध्यम से नियुक्त लेब टेक्नीशियन (माइक्रोबायोलॉजी) संबंध में सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 428 दिनांक 27.03.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय से संबंधित नहीं होने के कारण पत्र दिनांक 18.03.2026 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत संबंधित कार्यालय को अंतरित कर अपीलार्थी को सूचित कर दिया गया है। अपील खारिज योग्य है। उपरोक्त रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.11 15:19:58 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
21541307

M e-Sign